AMAR UJALA-MY CITY 09 Feb 2020 Page No. 5

# एनआईसी पर होगा परीक्षा विभाग का काम

## डाटा की प्रमाणिकता और आगे के उपयोग के लिए लविवि शुरू कर रहा नई व्यवस्था

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग का पूरा काम अब नेशनल इंफॉर्मेशन सेंटर (एनआईसी) के माध्यम से ही होगा। डाटा की प्रमाणिकता और परीक्षा विभाग के कामों को ऑनलाइन करने की वजह से ऐसा किया जा रहा है। अभी तक लविवि के परीक्षा विभाग का काम निजी एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा था। लविवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. एके मिश्रा ने यह जानकारी दी।

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि परीक्षा विभाग के सभी काम अब ऑनलाइन किए जाने हैं। इसके तहत विद्यार्थियों के लिए तीन सुविधाएं ऑनलाइन शुरू की जा रही हैं। इनमें डुप्लीकेट अंकपत्र, माइग्रेशन तथा अंकपत्र सत्यापन की सुविधा शामिल होगी। पिछले वर्षों में परीक्षा का काम अलग-अलग एजेंसी करती रहीं है। इसलिए पूरा डाटा एक स्थान पर नहीं है। आगे ऐसी स्थिति न हो इसलिए विवि ने पूरा डाटा एक ही स्थान पर लाने का फैसला किया है। इसी वजह से पूरा काम अब एनआईसी के हवाले होगा।



अब तक निजी एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा था परीक्षा विभाग का काम

### नहीं लगाने होंगे चक्कर

लविवि में जल्द ही तीन सुविधाएं ऑनलाइन शुरू होनी हैं। छात्र विवि की वेबसाइट पर माइग्रेशन, अंकपत्र में संशोधन या डुप्लीकेट अंकपत्र और सत्यापन के लिए आवेदन कर सकेंगे। इन कामों के लिए अगर विद्यार्थी को कोई प्रमाणपत्र उपलब्ध कराना है तो आवेदन के बाद एक तारीख दी जाएगी। इस तारीख को विद्यार्थी अपना प्रमाणपत्र लेने के साथ ही जरूरी कागजात जमा करेगा। इस तरह से उसे बार-बार परिसर में चक्कर नहीं काटने होंगे।

> **ऑनलाइन सुविधा देने में होगी आसानी**
>
> पूरा डाटा अब एनआईसी के सर्वर पर होगा। इससे ऑनलाइन सुविधाएं शुरू करने में आसानी होगी। लविवि प्रशासन अगले महीने से विद्यार्थियों के लिए परीक्षा विभाग की तीन सुविधाएं ऑनलाइन शुरू करने जा रहा है। - **डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा,** परीक्षा नियंत्रक, लविवि